अकैडमी आप से इस बामक़सद मिशन के लिए आगे आकर इससे जुड़ाव रखने की उम्मीद करती है। आप इससे जुड़ें और बिरादरी के सभी तबकों को इस तंज़ीम से जोड़ें। इसके ज़रिये आप, अपने वक़्त और पैसे दोनों का सही इस्तेमाल कर सकते हैं। अकैडमी बिरादरी की नई नस्ल की तालीम और तरबियत के लिए कोशिश कर रही है। अगर आप वक़्त और पैसा भी न दें तब भी आप अकैडमी के लिए मुहब्बत, हुस्ने ज़न और नेक दुआएं देते हुए हिमायत ज़रूर करें क्यूंकि ज़्यादातर मौकों पर सिर्फ़ हिमायत की ज़रूरत होती है। ऐसा हो सकता है की आपको कोई बात पसंद न आये, इसकी इस्लाह कीजिये, मश्वरा दीजिये, इसके बड़े मक़ासिद को मद्दे नज़र रखते हुए इसके साथ जुड़े रहिये।

> तंज़ीम के मामले में हमारे बुज़ुर्गों के तजुर्बे तल्ख़ ही रहे हैं, इसमें कामयाबी नहीं मिली है, इस बात को आप को समझना होगा और उन वजूहात को ख़त्म करना होगा, जो इत्तेहाद को ख़त्म करने की वजह बनती हैं। खुले दिल से तंज़ीम के साथ आना और अपने हिस्से का हक़ अदा करना अब हमारा तर्ज़े अमल होना ही चाहिए। हमे आपस में जुड़ाव वाला ज़हन, दूसरे को इज़्ज़त देने वाला और क़ुबूल करने वाला ज़हन रखना होगा।

इस बदल चुके वक़्त में जिसमें आपके सामने चुनौतियाँ ही चुनौतियाँ हैं, बिरादरी और क़ौम की तरक़्क़ी के लिए इत्तेहाद ही रास्ता है। इस वक़्त में भी अगर हमने हिकमत से, एक दूसरे को सपोर्ट करके, अपनी नस्लों के बेहतर कल के लिए नहीं कुछ किया तो आने वाली नस्लें हमे ही इसका ज़िम्मेदार ठहरायेंगी।

शाहनवाज़ अहमद मलिक, अलीगढ मुस्लिम युनिवेर्सिटी के केरला कैंपस में डिपार्टमेंट ऑफ़ लॉ में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर हैं और उनका ताल्लुक किच्छा से है।

तालीम और क़यादत

क़ौम की तालीमी तरक्क़ी में सियासत का क़िरदार: "तालीम से तस्वीर बदलेगी" किताब से

मोहम्मद आज़म

कोई भी तहरीक हो या इदारा जब तक उसके पास क़ुव्वते नाफिज़ा न हो वह एक महदूद दायरे में ही रह जाती है।अगर इसको क़ुव्वते नाफिज़ा हासिल हो जाये और इक्तेदार में हिस्सेदारी व हिमायत मिल जाए तो इसके फैलने-फूलने में देर नहीं लगती। यह मुआमला सबके साथ है चाहें वह कोई भी तहरीक हो, किसी भी मक़सद के लिए हो, वह बातिल नज़रियात के साथ काम कर रही हो या हक़ के साथ। बहरहाल ताक़त और क़ुव्वत अगर मयस्सर है तो इस पैग़ाम को बहुत जल्द शोहरत मिलती है। इसीलिए हम देखते हैं कि तहरीकें जब काम करती हैं तो अपने साथ एक नीम-सियासी या सियासी तहरीक या तो ख़ुद क़ायम करती हैं या मौजूदा तहरीकों में से किसी तहरीक से तआवुन का अश्तराक (collaboration) करती हैं।

हम देखते हैं कि मुंबई में जस्टिस बदरुद्दीन तय्यब जी ने अंजुमन -ए-इस्लाम क़ायम की तो ख़ुद वह सियासी तहरीक में शामिल हुए, कांग्रेस के सदर भी रहे, अलीगढ़ तहरीक को भी उस वक़्त के हुक्मरानों की तायीद हासिल रही, उलेमा-ए-देवबंद की कांग्रेस में शुमूलियत (participation) से देवबंद तहरीक को फायेदा हुआ और उभरकर (evolved) सामने आई। अल-अमीन तहरीक को कर्नाटक के सियासी रहनुमाओं का तआवुन मिलता रहा क्यूंकि डॉ. मुमताज़ अहमद खान साहब की हिमायत उन्हें हासिल रही। केरला में मुस्लिम एजुकेशन सोसाइटी और मुस्लिम लीग में तालमेल रहा। हैदराबाद में दारुस्सलाम ख़ुद एम.आई.एम. (MIM) का क़ायम करदा इदारा था इसे MIM की मदद और हिफाज़त हासिल रही। नज़रियाती तहरीकों में मार्कसिज़्म ने इसलिए क़ुव्वत पकड़ी की मार्क्सी हुकूमतें इन्हें फंडिंग करती रहीं, बीजेपी को आरआरएस का और आरआरएस को बीजेपी का तआवुन रहा। इन मिसालों से यह मालूम होता है कि तालीमी तहरीक चलाने वालों को अपनी रियासत (state) के सियासी अफ़राद से तालमेल रखना चाहिए, बैठकर बात करनी चाहिए और बाहमी (mutual) तआवुन की राहें हमवार (favorable) करनी चाहिए। हो सकता है कि वह लोग आज कमज़ोर हों, अपोज़ीशन में हों, लेकिन फिर भी एक ताक़त हैं और कल को बरसरे इक्तेदार (power) आ जायें। जब वह इक्तेदार में आएंगे तो आपकी तहरीक को क़ुव्वते नाफिज़ा (execution power) मिल जाएगी। इस तरह आप कौम-ओ-मिल्लत के बड़े काम कम वक़्त में बेहतर ढंग से कर जायेंगे। लेकिन सियासी जमाअत के सपोर्ट के बग़ैर आप महज़ अपने पैग़ाम, इख्लास, क़िरदार के बल पर कोई इंक़लाब बरपा नहीं कर सकते।

ताज़ा मिसाल हमारे सामने तेलंगाना की है। तेलंगाना में हैदराबाद शामिल है और वहां मुसलमान हैं। पूरे तेलंगाना में 12 फ़ीसदी मुसलमान हैं। हैदराबाद के मुसलमान ओवैसी साहब के मुरीद हैं। तेलंगाना के मौजूदा वज़ीरे आला (Chief Minister) के. चंद्रशेखर राव साहब ने इस बात पर गौर-ओ-मश्वरा किया कि किस तरह मुसलमानों की हिमायत हासिल की जाए और किस तरह MIM के वोट बैंक को तोड़ा जाये। उन्हें मश्वरा मिला कि आप मुसलमानों की तालीम के लिए काम कीजिये, हुकूमत ने इस मश्वरे के बाद एक मुस्लिम ब्यूरोक्रेट आई.पी.एस. अफ़सर जनाब ए. के. खान साहब को मुकम्मल इख्तियारात देकर एक कमेटी तेलंगाना माइनॉरिटीज़ रेजिडेंशियल एजुकेशनल इंस्टीट्युशंस सोसाइटी (Telangana Minorities Residential Educational Institutions Society) बनाई। इसके तहत उन्होंने तेलंगाना के 31 जिलों में 250 अक्लियती अक़ामी (residential) स्कूलों के क़याम का मंसूबा बनाया गया। उसमें प्राइमरी से लेकर इंटर कॉलेज तक हैं। दूसरा क़दम उन्होंने यह उठाया कि उस मंसूबे को वहां की मुस्लिम तंज़ीमों के तआवुन से लांच किया, इतने स्कूलों की ईमारत बनाने में ही साल गुज़र जाते इसलिए मुस्लिम तंज़ीमों के मश्वरे पर हुकूमत ने फ़ौरी तौर पर किराये की इमारतों में तालीम का आगाज़ कर दिया।

मुस्लिम तंज़ीमों ने किराये पर इमारतें फ़राहम कराने में मदद की और महज़ कुछ माह में ही 150 स्कूल काम करने लगे। अब तक 206 स्कूल बन चुके हैं जिनमें 107 लड़कियों के और 97 लड़कों के हैं , दो कॉलेज हैं। माक़ूल बजट दिया गया, निगरानी की गई, मुस्लिम तंज़ीमों ने हुकूमत का और हुकूमत ने उनका साथ दिया और क़ौम के लिए सरकारी ख़र्च पर बहुत कम वक़्त में एक बड़ी तादाद में इदारे क़ायम हो गए। ज़ाहिर है किसी रियासत में 250 इंग्लिश मीडियम स्कूल, वो भी रेजिडेंशियल सिर्फ अक्लियतों (minorities) के लिए हों तो वहां अक्लियतों में तालीमी इंक़लाब आने से कौन रोक सकता है।

इसी तरह की एक कोशिश दिल्ली में जनाब अमानतुल्लाह खान साहब, एम.एल.ए., ओखला और दिल्ली वक्फ़ बोर्ड के चेयरमैन की क़यादत में की जा रही है। जनाब अमानतुल्लाह खान साहब का ख़्वाब है कि दिल्ली के ग़रीब से ग़रीब अक्लियती बच्चों को बेहतरीन तालीम मुहैया करायी जाए जिससे तालीम में अमीर और ग़रीब के फासले को ख़त्म किया जा सके। दिल्ली वक्फ़ बोर्ड ने एक्सपर्ट्स को शामिल कर एक एजुकेशन एडवाइज़री कमेटी बनाई है जिसका काम दिल्ली के अक्लियती इलाक़ों में तालीमी तरक्क़ी के लिए स्कूल क़ायम करने के लिए पालिसी बनाना है। मॉडल के तौर पर बटला हाउस, ओखला असेम्बली में किराये की एक बिल्डिंग में "दिल्ली वक्फ़ इंग्लिश स्कूल" शुरू किया गया है जहाँ नर्सरी से 5वीं क्लास तक मुफ़्त तालीम दी जा रही है।

स्कूल का इंफ्रास्ट्रक्चर इस तरह तैयार किया गया है जो दिल्ली के किसी भी महँगे से महँगे इंग्लिश मीडियम स्कूल से अच्छा है। यह एक बेहतर क़यादत की मिसाल है कि आज दिल्ली वक्फ़ बोर्ड सोशल वेलफेयर के कामों के अलावा अक्लियतों की तालीमी तरक्क़ी के लिए बेहतरीन काम अंजाम दे रहा है।

फ़ोटो: दिल्ली वक्फ़ इंग्लिश स्कूल, बटला हाउस, ओखला, नई दिल्ली

"जो क़ायद मज़बूत अज़्म और हौसले से क़ौम के लिए ख़ुद को वक़्फ़ करते हैं और उसकी तरक्क़ी के लिए हमेशा फिक्रमंद रहते हैं तो उन्हें कौम भी इज़्ज़त और मोहब्बतों से नवाज़ती है।"

जब तालीम याफ़्ता लोग सियासी जमात के साथ मिल काम करेंगे तो यक़ीनन सियासी क़यादत भी डेवेलप होगी और इस तरह मिल्लत में सियासी क़यादत की कमी भी दूर होगी । तालीमी तहरीक के पास बहुत बड़ी अफ़्रादी क़ुव्वत होती है हर बच्चे के साथ कम अज़ कम दो वोट होते हैं अगर आपसी तालमेल दुरुस्त हो और एक दूसरे के मुआहदात और मफ़ादात के तहफ्फुज़ के साथ काम हो तो दोनों फायदे हो सकते हैं।

तालीम के ज़रिये ही समाजी क़यादत मिल सकती है, अनपढ़ (illiterate) फ़र्द समाज की न ख़िदमत कर सकता है न क़यादत। सोशल एक्टिविज़्म भी तालीम के ज़रिये पैदा होता है। अब तो बहुत से कोर्स आ गये ख़ासतौर पर MSW कोर्स तो समाजी कारकूनान (social worker) की तैयारी के लिए है। सोशल लीडरशिप से कौम के बहुत से समाजी मसाइल हल होंगे। रोज़ी-रोटी, सेहत, रोज़गार, सोशल सिक्यूरिटी के बहुत से मसाइल हैं जो हमारे समाज में पाए जाते हैं। बहुत सी सरकारी स्कीमें हैं जो आती हैं चली जाती हैं, हमें ख़बर भी नहीं होती। अगर हमारे दरमियान सोशल एक्टिविस्ट हों तो वो इस मैदान में काम करेंगे और यह एक्टिविस्ट तालीम के बिना नहीं बन सकते। मालूम यह हुआ के बग़ैर तालीम के सोशल लीडरशिप भी हासिल नहीं हो सकती।

सियासी, समाजी और तिजारती क़यादत के साथ-साथ जो हमारी खालिस मज़हबी क़यादत है मस्जिद का इमाम, मदरसे का मदरिस वग़ैरा तालीम के बग़ैर मुमकिन नहीं है। क्या आप अपना इमाम किसी अनपढ़ को बनाते हैं?, क्या आप मदरसे में किसी अनपढ़ से पढ़वा सकते हैं?, यह मज़हबी क़यादत भी तालीम से ही पैदा होती है। ज़रुरत इस बात की है कि इस मज़हबी क़यादत को मज़हबी तालीम के साथ दुनियावी इल्म भी इस हद तक हासिल करने चाहिए के ज़माने की रफ़्तार को समझ सकें। दुश्मनों की साजिशों को जान सकें, मौजूदा हालात में पेश आने वाले मसाइल में सही रहनुमाई कर सकें और कौम को तरक्क़ी की राह पर ग़ामज़न कर सकें।

इससे मालूम हुआ कि क़यादत का मंसब बग़ैर तालीम के हासिल नहीं हो सकता। क़यादत ख्वाह किसी भी मैदान में हो और यह तालीम महज़ रस्मी तालीम न हो बल्कि जो कौम मुकाबले में है और जिस क़ौम पर आप को ग़ालिब आना है आपका इल्म उससे ज़्यादा, आपका इखलास-ओ-क़िरदार उससे मज़बूत होना चाहिए। अगर आप उससे पीछे रह गए तो मुक़तदी ही रहेंगे इमाम नहीं बन सकते।

हुसूले अमल से ही क़ौम की तक़दीर बदलेगी
यही सच है फ़क़त तालीम से तस्वीर बदलेगी
(डॉ. तारिक़ क़मर)

अगर हम बात करें राईन क़ौम की तो कई अफ़राद सियासत की उन बुलंदियों पर पहुंचे जहाँ आम लोग तसव्वुर भी नहीं कर सकते जो कई नामचीन सियासी पार्टियों में बड़े ओहदों पर फ़ाइज़ रहे। माज़ी में ज़मींदारों से लेकर MLA, ब्लॉक प्रमुख, हाल में मंत्री तक रहे। और मौजूदा वक़्त में जिस गाँव में भी हमारी आबादी है वहाँ या तो राईन कौम का प्रधान (सरपंच) बनता है या जिसे राईन बिरदारी सपोर्ट करे वह इक्तेदार में आता है। अब भी बहुत से नौजवान सियासत में अपने दाँव आज़मा रहें है, यह क़ौम के सियासी बाअख्त्यार (politically empower) होने की निशानी है।

अब ज़रुरत इस बात की है कि तालीमी तरक्क़ी के लिए हमें एक बेहतर हिकमते अमली अख्तियार करनी चाहिए। जो लोग भी सियासी पार्टियों में हैं उन्हें चाहिए कि अपने इलाक़ों में अच्छे स्कूल, कॉलेज, मदारिस क़ायम करें और अपनी पार्टियों से इसमें तआवुन करायें। इस काम से क़ौम-ओ-मिल्लत का बहुत बड़ा फायदा होगा और आने वाली नस्लें हमेशा अहसानमंद रहेंगी अपने उस क़ायद की जो इस बेहतरीन काम को अंजाम देंगे, सही मायने में इसे ही सियासी क़यादत कहा जायेगा। जैसे सर सय्यद अहमद खां, डॉ. जाकिर हुसैन, मौलाना मुहम्मद अली जौहर, हकीम अजमल खां, अब्दुल मजीद ख्वाजा, हकीम अब्दुल हक़, हाफिज़ मोहम्मद हलीम राईन, अब्दुल अज़ीज़ मुरादाबादी (बानी जामिया अशरफिया, मुबारकपुर) वग़ैरह क़ौम-ए-मुस्लिम के बेहतरीन क़ायद थे जिनका नस्ल-दर-नस्ल चर्चा होता है।

अकैडमी ऑफ़ अराईन स्टडीज़ एंड रिसर्च की बुनियाद ख़ासतौर पर राईन क़ौम और आमतौर पर उम्मते मुस्लिमा की तालीमी तरक्क़ी के लिए रखी गई है। वैसे अकैडमी का सियासत से कोई ताल्लुक़ नहीं है लेकिन क़ौम के मफ़ाद (benefit) के लिए और अकैडमी के अग़राज़-ओ-मक़ासिद हासिल करने के लिए किसी सियासी तंज़ीम के तआवुन की ज़रुरत पड़े तो इस पर अमल किया जाना चाहिए।

(इस मज़मून का बड़ा हिस्सा जनाब कलीमुल-हफीज़ (हिलाल) साहब की लिखी किताब "तालीम से तस्वीर बदलेगी" से लिया गया है। इसमें मुसन्निफ़ के ज़ाती ख्यालात भी शामिल हैं।

मोहम्मद आज़म दिल्ली लेजिस्लेटिव असेंबली में फेलो हैं और वह ओखला असेंबली में तैनात हैं इसके अलावा दिल्ली वक्फ़ बोर्ड की एजुकेशन एडवाइज़री कमेटी के मेम्बर के तौर पर अपने फ़राइज़ अंजाम दे रहे हैं।

अकैडमी ऑफ़ अराईं स्टडीज़ एंड रिसर्च

अकैडमी ऑफ अराईं स्टडीज़ एंड रिसर्च (एएएसआर) हमारे मुअज्ज़िज़ बुजुर्गों की रहनुमाई में अराईं नौजवानों की एक मुत्तहिदा कोशिश है।

अकैडमी का क़याम तमाम अराईं मुसलमानों को एक प्लेटफार्म पर लाकर उनकी मज़हबी, तालीमी, समाजी, सकाफ़ति और इक़्तेसादी तरक़्क़ी के लिए कोशिश करने के मक़सद से किया गया है।

अकैडमी का बुनियादी फ़ोकस नई नस्ल में उन रिवायात और तहज़ीब को मज़बूत करना है जो सदियों से बुज़ुर्गों से हासिल होती रही हैं।

अकैडमी का मक़सद एक दूसरे के बीच इत्तेहाद को मज़बूत करना है। यह कोशिशें भारत में एक तालीम याफ़्ता ख़ुद मुख्तार मआशी तौर से ज़िम्मेदार और ख़ुशहाल अराईं कम्युनिटी के क़ायम में हमारे क़िरदार निभाने मदद करेंगी।

मिशन

"हिंदुस्तान की एक मज़बूत अराईं क़ौम की तामीर में मदद करना ताकि मजमुई तौर पर समाज और मुल्क़ का भला हो सके"

अग़राज़-ओ-मक़ासिद

- इस्लाम के सीधे रास्ते (सिरात-ए-मुस्तक़ीम) पर अराईं नौजवानों की रहनुमाई करना।
- हिन्दुस्तानी अराईं क़ौम को एक प्लेटफार्म पर लाना और उनकी समाजी व इक़्तेसादी तरक़्क़ी के लिए उन्हें एकजुट करना।
- अराईं नौजवानों की तालीम और उनके करियर की तरक़्क़ी में मदद करना।
- अराईं ताजिर बिरादरी को उनकी तिजारत और पेशे में रहनुमाई और फ़रोग देना।
- क़ौम की ईसाल और तारीख़ के बारे में अराईं नौजवानों को तालीम देना।
- भारत में अराईं क़ौम के समाजी, सियासी और मआशी पहलुओं पर रिसर्च करना।
- ख़ासतौर पर अराईं क़ौम और आमतौर पर मुस्लिम क़ौम को बा-अख्त्यार बनने में मदद करना इस तरह मुल्क़ की तरक़्क़ी मे भागीदार बनना।

The Arain
The Academy of Arain Studies and Research
THEARAIN.COM

ABOUT THE ACADEMY

Events in 2020-21

- Establishment and declaration of Academy on 11th Aug '20
- Wide Community outreach up to several thousand members.
- Launch of website: www.thearain.com 11th Aug 2020
- Organized an ONLINE program titled **"History, Present and Future of Arain Community"** on 18th Aug'20
- **Educational Guidance** for the admissions in Central Universities: 30th Aug'20 Online Prog.
- Launch of **Bhag Milkha Bhag** First Reasoning Competition: 10th Sep'20.
- Organized Online Program on **Milad-un-Nabi Celebration**: 30th Oct'20.
- Launch of First Edition of **'The Arain'** magazine on 1st of Nov '20 .
- **All India Talent Hunt Competition'20** was Organized in the last week of Sep and the first week of Oct'20.
- **Financial help** to students.
- **Educational help** in the form of donation of competition books & Almirah and **Continuous guidance** to students and youths through WhatsApp groups/ phone calls.
- Prize distribution of Bhag Milkha Bhag First edition in Mar'21.
- Launch of Bhag Milkha Bhag Second Reasoning Competition: 5th Oct'21
- **Online felicitation** of UPSC/NEET/ JEE qualified students with cash prize distribution: 7th Nov'21
- **All India Talent Hunt Competition'21**: 17th Oct-28th Nov'21
- Publication of the second edition of **"The Arain"** Magazine in Jan'22

SUCCESS STORY

"A man is but the product of his thoughts. What he thinks he becomes"

SHAHBAZ UL RAHMAN (IFS)
SIRAULI KALAN, KICHHA,US. NAGAR
UPSC 2020, IFS AIR 54

I still remember 29th Oct 2021. This was the day when UPSC Indian Forest Service Exam 2020 results were announced and I secured AIR 54.

I was filled with joy and happiness sitting next to my mother. I hugged her with a smile on my face and tears in her eyes. This was the most special day in my academic career. I will try to summarise my journey from school days to becoming an IFS. I was a very average student during my school days. I passed my class 12th from St. Peter's school, Kichha and then completed my B.Sc in Zoology (honours) from the University of Delhi.

Further, I started my preparation in Delhi. In the meanwhile, I failed several competitive exams and then passed Combined Defence Services exam in 2019. I was selected as a lieutenant in Indian Army. But I had faith that one day I will achieve my goal and hence I didn't join Army.

I started my preparation again and achieved what I aspired.

I advice all the aspirants of different competitive exams to have faith in themselves. Faith, focus, courage, perseverance are must for an aspirant. If you have to pass any exam then you must have two basic qualities i.e., consistency and hard work. There is no alternative to these basic qualities.

I bestow credit of my success to my parents, sister all my relatives and friends. There will be ups and downs during the journey but don't get distracted from your goal. If someone desires to achieve a milestone then one day he/ she finally carried out it. I believe if I can do it then every other aspirant can do it. If we have to achieve big then we must think big and it is already established that what we think we become.

***

Marcus Garvey famously wrote:

"A people without knowledge of their past history, origin and culture is like a tree without roots."

यूपी PCS 2019 में कामयाब शीराज़ मलिक से एक ख़ास मुलाक़ात

शीराज़ मलिक
SCDI, Moradabad
(UP PCS 2019)

अपने बारे में कुछ बताएं?

मैं शीराज़ मलिक S/O रियाज़ अहमद दो भाई और तीन बहनो में सबसे छोटा हूँ पापा किसान और अम्मी हाउसवाइफ है एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखता हूँ अभी मैं चीनी एवं गन्ना विकास विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ में सीनियर केन डेवलपमेंट इंस्पेक्टर (SCDI) के पद पर ज़िला मुरादाबाद में कार्यरत हूँ।

मैंने हाईस्कूल गुरुनानक इंटर कॉलेज भैंसा अमरिया पीलीभीत से किया है, इंटरमीडिएट आदर्श किसान इंटर कॉलेज गजरौला कला पीलीभीत से, ग्रेजुएशन में B.Sc एग्रीकल्चर चंद्र भानु गुप्ता एग्रीकल्चर डिग्री कॉलेज लखनऊ से और M.Sc Entomology ए.एम.यू., अलीगढ़ से की है। 2014 में Entomology में NET भी क्वालीफाई है।

सबसे सबसे बड़ी वजह क्या है जिसने आपको सफल होने में मदद की है?

मेरी सफलता में तीन मुख्य कारक है एक तो मेरे बड़े भाई इज़हार अहमद मलिक साहब की दिली ख्वाहिश कि मैं सिविल सर्विस में जाऊँ।

और दूसरा आज के माहौल में खुद की एक अलग पहचान बनाने की चुनौती मैं अपना एक अलग बजूद बनाना चाहता था।

तीसरा - जब मैं छोटा था तो पापा के साथ शहर जाता था वो दिन मुझे याद है उनको बहुत दिक्कत होती थी बैंक में और दूसरे दफ़्तरों में इन घटनाओं ने मुझे यह सोचने पर मजबूर किया कि एक सिविलियन को सही से सर्विस नहीं मिलने के कारण क्या क्या परेशानियाँ होती है समाज में एक अच्छा लोक सेवा होना बहुत ज़रूरी है।

आपकी प्रेरणा कौन हैं?

मेरी प्रेरणा की एक लम्बी फेहरिस्त है फिर भी मैं कुछ नाम कोट करना चाहूँगा-

- 1. मुझे मेरे अब्बू का वो खेतों में काम करते देखना
- 2. मेरी भाई की आँखों में वो सपना जो उन्होंने मुझमे देखा।
- 3. मेरी फैमिली का वो सेक्रेफाई जो उन्होंने मेरे लिए किया।
- 4. मेरे गुरु आफ़ताब मलिक सर की वो तालीम जो उन्होंने मुझे दी।
- 5. मेरे ऑफ़िस का वो माहौल जिससे में परेशान हो जाता था।

मेरे कार्यकाल में कुछ ऐसे प्रभावशाली अधिकारी जिनसे में बहुत प्रभावित हुआ जैसे बरेली के CDO सर IAS सतेंद्र कुमार, सिद्धार्थनगर के उप कृषि निदेशक लाल बहादुर यादव सर, बरेली की उपसँभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा आदि।

आपकी कामयाबी की आदतें क्या हैं?

कामयाबी की आदत एक ही थी डिसिप्लिन क्योंकि कोई भी सपना पूरा करने के लिए अनुशासन बहुत ज़रूरी है अनुशासन ने ही मुझे पढ़ने के लिए समय निकालने पर मजबूर किया सुबह जल्दी उठने को मजबूर किया।

आपसे करियर में क्या-क्या ग़लतियाँ हुयीं?

मैंने कृषि विभाग में प्राविधिक सहायक के पद पर रहते हुये वर्ष 2016 के अंत में सिविल सेवा की तैयारी शुरू कि मैंने 2017, 2018 और 2019 लगातार तीनों वर्ष सिविल सेवा का *mains exam* दिया परन्तु 2019 में मुझे फाइनल सिलेक्शन मिल पाया (अल्हम्दुलिल्लाह) इस बीच मैंने बहुत सारी ग़लतियाँ भी कि जैसे-

1. रिवीज़न जितना करना चाहिए नहीं कर पाता था फिर 2019 तक इस कमी को दूर किया और रिवीज़न पर फोकस किया।
2. आंसर राइटिंग प्रैक्टिस पर उतना फोकस नहीं था क्यूंकि समय कम मिल पाता था लेकिन यह बहुत ज़रूरी है।
3. कुछ डिस्टर्बिंग एलिमेंट का साथ हो गया था और पढ़ाई पर से फोकस टूट जाता था लेकिन स्टूडेंट्स को अकेले ही पढ़ना चाहिए कंसन्ट्रेशन अच्छा बनता है।

आपने अब तक सबसे मुश्किल फैसला क्या लिया?

2019 की शुरुआत में ही मेरा ट्रांसफर बरेली से सिद्धार्थनगर हो गया जिसका मेरी पढ़ाई पर बहुत प्रभाव पड़ा। मैं पूरी तरहा टूट चुका था और गिवअप करने का निर्णय ले लिया था लेकिन एक रात मुझे नींद ही नहीं आयी और मैं सोचता रहा कि मैंने सपना देखा ही क्यूँ जब मैं उसे पूरा नहीं कर सकता हूँ। इस रात मैंने ऐसा निर्णय लिया कि जब तक ऐज है तब तक *exam* देना है और उसी वक़्त रात में लगभग 2 बज रहा होगा एक नया टाईमटेबल बनाया और फिर से शुरू हो गए रिजल्ट आपके सामने है।

आप मैगज़ीन के पढ़ने वालों को क्या सलाह देना चाहेंगे?

मैगज़ीन को नियमित रूप से पढ़ने वाले पाठकों को मैं यही सलह देना चाहूंगा कि आप जिस भी प्रोफेशन में है वहाँ पर ईमानदार रहें और अपने बच्चों को हायर एजुकेशन तक ज़रूर ले कर जायें क्यूंकि शिक्षा अब कमाने खाने का धंधा मात्र नहीं है अगर देश के लोगों को जागरूक बनाना है, सत्यनिष्ठ बनाना है और स्वच्छ भारत का सपना देखना है तो शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति हेतु अनिवार्य है।

युवाओं को सिविल सेवा की ओर ध्यान देना चाहिए क्यूंकि हमारे समाज को सत्यनिष्ठ और ईमानदार लोक सेवकों की आवश्यकता है।

अराईं अकैडमी का मैं शुक्रिया अदा करना चाहूँगा क्यूंकि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहाँ सभी प्रोफेशन के महारथी शामिल हैं जो हमारी कम्युनिटी के बच्चों और नौजवानों में जोश भरने का काम करते हैं। अराईं क़ौम को एक प्लेटफॉर्म पर देखकर अच्छा लगता है जो अराईं अकैडमी के माध्यम से संभव हो पाया है।

एक बार फिर शुक्रिया !😊

हमारी सबकी अराईं अकैडमी हमेशा ऐसे ही तरक्क़ी करे और बच्चों को देश हित के लिए टैलेंटेड बनायें यही मेरी अल्लाह से दुआ है।

***



Targeting NEET?

Get online guidance, motivation and coaching for your NEET preparation



unacademy

Enroll at unacademy

Dr. Amir Sir MBBS, MS, MCH (AIIMS)
AIR 1216, Marks-670

Dr. Zartab Malik (MBBS Student)

+91- 6396820365

Follow us our Instagram page @neet_future_mbbs

अराईं क़बीले के इकलौते विधायक: अनीसुर्रहमान

मुल्क हिंदुस्तान में आज़ादी के बाद से अब तक राई क़बीले के एकलौते विधायक मरहूम जनाब अनीसुर्रहमान थे. वह कांग्रेस के टिकट पर जीत कर विधानसभा पहुंचे थे। उन्हें 1962 से 67 के अपने कार्यकाल में पहले मुख्यमंत्री चंद्र भानु गुप्ता और उनके बाद मुख्यमंत्री सुचिता कृपलानी की सरकार में काम करने का मौका मिला।

मरहूम जनाब अनीसुर्रहमान
पूर्व विधायक 16-टनकपुर विधानसभा
(1962-67)

उस समय उनकी विधानसभा 16 टनकपुर, नैनीताल ज़िले में आती थी। उसमे वर्तमान के उत्तरखंड के टनकपुर, सितारगंज, नानकमत्ता, खटीमा और पीलीभीत के अमरिया के इलाके शामिल थे। अनीसुर्रहमान साहब के बेटे अनवर अनीस बताते हैं कि आपका आबाई वतन ढेरम सुकटिया था। लोगों से मोहब्बत और उनकी समस्याओं को हल करना उनका शौक था वह लगातार लोगों की तरक़्क़ी के लिए काम करते रहे। पीलीभीत का नया पुल उन्हीं के जरिए मंजूर कराया गया था।

हिंदुस्तान के बंटवारे और उसके के बाद ज़मींदारी उन्मूलन क़ानून वजह से बिरादरी के भी मआशी हालात पहले जैसे नहीं रहे, कमज़ोर हो गए, इन हालातों में अपनी राई बिरादरी के लिए ऐतिहासिक काम करते हुए उन्होंने ओबीसी की लिस्ट में शामिल कराया और इस तरह कौम को तालीमी और सरकारी नौकरियों के मैदान में उनका संवैधानिक हक़ दिलाया।

दूसरा इलेक्शन आपने सन 1974 में पीलीभीत विधानसभा से लड़ा था उसमें अपनों की ही मुखालिफत से राईं कौम का यह रहबर 3887 वोटों से हरा दिया गया। अनवर अनीस, जो कि कांग्रेस पार्टी शहर पीलीभीत के अहम् नेता हैं, बताते हैं कि अगर वह चुनाव में अनीसुर्रहमान साहब जीत जाते तो उनके क़द को देखते हुए मुख्यमंत्री ने वादा किया था की उनको मिनिस्टर बनाया जायेगा। अपनी ही कौम के एक नेता को मुख़ालिफत करके किस तरह से नाकामयाब किया गया उसकी मिसाल कम मिलती है।

अनीसुर्रहमान साहब के दूसरे चुनाव के बाद राईं बिरादरी से हारुन अहमद साहब पीलीभीत सीट से विधायकी का चुनाव 1996 में लड़े और सजपा से दूसरे नंबर पर आये।

अनवर अनीस बताते हैं कि उनके वालिद आवाम के काम करने के लिए हमेशा तैयार रहने वाले लोगों में से थे और जैसा भी जिसके लिए बन पड़ता था वह हमेशा काम आते थे। वह पार्टी में जिला लेवल पर उपाध्यक्ष और जनरल सेक्रेटरी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रहे और साथ ही पीलीभीत में आईटीआई के चेयरमैन थे। उनकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है जनता पार्टी के शासन में कांग्रेस के नेताओं की तरफ से आंदोलन चलाने वालों में मुख्य रूप से जेल जाने वाले नेता थे। दूसरी बिरादरियां और क़ौमें भी आपको बहुत मानती थी और अनीसुर्रहमान साहब की क़यादत को तस्लीम करती थी। आप का जज्बा था कि सभी क़ौमे तालीम हासिल करके आगे बढ़े इसलिए आपने काफी लोगों की नौकरियां लगवाने में मदद फ़राहम की। आप सन 2000 तक पार्टी और सामाजिक गतिविधियों में एक्टिव रहे और उम्र की 80 दहलीज पार करते-करते सन 2004 में आपका इंतकाल हुआ।

जनाब अनवर अनीस

अनीसुर्रहमान साहब के चार बेटे हैं। जिनमें जनाब खतीब उर रहमान, जनाब आफताब उर रहमान, जनाब नईम उल रहमान और जनाब अनवर अनीस हैं। अनीसुर्रहमान साहब साहब की अहलिया मोहम्मदी बेगम गांव धुंधरी से थीं और दूसरी अहलिया मोहतरमा मख़्दूम जोहरा बेगम उदयपुर गांव से थीं, पीलीभीत के मोहल्ला डालचंद जुनियर हाईस्कूल की प्रिंसिपल थीं और ज़िला पंचायत सदस्य चुनी गयीं। आपकी एक बहन नसीमा बेगम, पाकिस्तान चली गईं और यह पूरी फैमिली पीलीभीत के पकरिया मोहल्ले में रहती थी।

जनाब अनवर अनीस, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक मोर्चा में जनरल सेक्रेटरी हैं। अनवर अनीस साहब के बेटे मुहम्मद वकास रहमान देहरादून से इंजीनियरिंग कर रहे हैं और बेटी ताबीर रहमान सुशीला तिवारी हल्द्वानी से एमबीबीएस कर चुकी हैं।

रिपोर्ट: अराईं एकेडमी

मुझे यह जानकर बड़ी खुशी हुई है के तंज़ीम "अर-राईन अकेडमी" की तरफ से पिछले एक साल से ज़्यादा वक़्त से समाज में इंसानियत का पैगाम और नौजवानों को अच्छी तालीम देने का काम बखूबी अंजाम दिया जा रहा है।मैं दुआगो हूं के राईन अकेडमी एक मजबूत तंज़ीम बनकर मुस्तक़बिल में भी दिन रात और ज़्यादा खैर व भलाई के कामों को अंजाम दे।

तंज़ीम के ज़िम्मेदारान को उनकी इन नेक कोशिशों पर मैं दिल से मुबारकबाद देते हुए भरोसा करता हूं के आगे भी इस तंज़ीम से क़ौम-ओ-मिल्लत को हमेशा फायदा होगा।

एम.आर. मलिक, एडवोकेट, पीलीभीत

एम.आर. मलिक

हाफ़िज़ मोहम्मद हलीम: राईं क़ौम के बड़े सामाजिक क़ाइद

हाफ़िज़ मोहम्मद हलीम
1867-1924

पंजाब प्रांत के फ़िरोज़पुर नगर के मूल निवासी हाफ़िज़ मोहम्मद हलीम का जन्म सन् 1867 मे हुआ। आपके पिता का नाम हाजी मुंशी अब्दुल रहीम साहब था, आपकी शिक्षा दिल्ली मे हुई। आप तेरह वर्ष की उम्र में क़ुरान का हिफ्ज़ कर हाफ़िज़ हो गए। हलीम साहब उर्दू, फ़ारसी बहुत तेज़ व सुन्दर अक्षरों में लिखते और बोलते थे। अंग्रेजी भी जानते थे। आपके दादा हाफ़िज़ इमाम बख्श अपनी "अराईं" बिरादरी के सरपंच थे और वालिद दिल्ली मे बकरी की खाल का व्यापार करते थे। आपने अपने पिता से कारोबार के गुर व मेहनत करना सीखा। इस तरह 15-16 वर्ष की उम्र में व्यापार के दाँव-पेंचो से आप परिचित हो गए। हाफ़िज़ हलीम साहब ने कलकत्ता, सहारनपुर, अम्बाला, लुधियाना, सियालकोट और कानपुर में सम्पर्क स्थापित कर एजेंसियां बनाईं। चमड़े के कारोबार के अलावा सन् 1888 से 1898 तक आपने गेहूँ और सरसों का कारोबार कराची में किया। हलीम साहब ने हाजी फ़रीद साहब के साथ साझे में "कुसूर" मे रूई का व्यापार किया। सन् 1895 में आपने कानपुर से चमड़े का कारोबार शुरु किया। कुछ दिन आप एक जर्मन फर्म के एजेंट भी मुक़र्रर रहे और काफ़ी लाभ कमाया। इस दौरान आप कानपुर के लखपतियो में शुमार होने लगे थे। सन् 1901 में हलीम साहब ने मदरास की एक टेनरी डेढ़ लाख में खरीदी और बिलायत से चमड़े का कारोबार भी शुरु किया। लाहौर में भी आपने देशी चमड़े की एक टेनरी खोल दी।

इन दिनों हाफ़िज़ जी का इतना अधिक माल विदेशों को जाता था कि बम्बई में आपके माल के लिए 'हलीम डाक' के नाम से एक प्रथक प्लेटफार्म खोला गया जो आज भी है। कानपुर में भी आपका चमड़े का गोदाम बहुत बड़ा था। कानपुर में आपने हलीम बूट फैक्ट्री, इंडियन नेशनल टेनरी और कानपुर टेनरी को स्थापित किया। आपने व्यापार वृद्धि के लिए तीन बार बिलायत व एक बार अमेरिका की यात्रा भी की। धन सम्पन्न होते हुए भी आप नम्र और मिलनसार व ग़रीबों के प्रति सहानुभूति रखते थे। सन् 1922 में अफ़ग़ानिस्तान के अमीर हबीबुल्ला कानपुर यात्रा पर आपके यहाँ ठहरे थे। आपका अनेकानेक राजे-महराजों से मेलजोल था। वहीं ग़रीबों और मोहताजों की सहायता के लिए भी उनका दरवाजा खुला रहता था।

हलीम साहब मूल निवासी पटियाला रियासत के थे, अत: वहाँ के महराजा ने प्रसन्न होकर सन् 1921 में "मलकुल तज्जार" अर्थात व्यापारियों के राजा की पदवी से विभूषित किया था। अंग्रेज सरकार ने सन् 1919 में उन्हें खान साहब की पदवी दी। किन्तु हलीम साहब के इन्कार करने पर तुरन्त 'खान बहादुर' बना दिया गया। हलीम साहब 1907 से 1927 तक आनरेरी मजिस्ट्रेट रहे, सन् 1927 में इस्तीफा देकर अपने पुत्र एसएम वशीर साहब बी काम, (लण्डन), बार एट ला, एफ़ आर सी, म्युनिसिपल कमिश्नर, और मंत्री, हलीम मुस्लिम कॉलेज को अपने स्थान पर आनरेरी मजिस्ट्रेट बनवा दिया।

हलीम साहब सन् 1907 से 1916 तक संयुक्त निर्वाचन के द्वारा और 1926 से 1928 तक पृथक निर्वाचन के द्वारा बिना विरोध के कानपुर म्युनिसिपल बोर्ड के मेम्बर चुने जाते रहे। सन् 1928 मे हज को गये और मक्का शरीफ़ के शाही मेहमान बने। हाफिज जी उर्स के बड़े शौकीन थे और अक्सर वहाँ पहुच जाते। सराय सरहिन्द के उर्स जाने वालो के लिए सन् 1902 मे एक बड़ी सराय बनवाई और जहाँ लंगर भी होता रहा। 1908 मे इटावा मे इस्लामिया स्कूल मे २५ हजार लगाकर हलीम हास्टल बनवाया। सन् 1916 मे अपनी बीबी की याद मे पटियाला रियासत के बसी नामक स्थान पर मरियम यतीमखाना व एक अनाथालय बनवा कर आर्थिक सहायता भी देते रहे। बसी मे ही कुरान की शिक्षा के लिए 1917 मे एक स्कूल खोला।

अलीगढ मुस्लिम यूनीवर्सिटी को भी 25 हजार का चंदा दिया था।

कानपुर मे हलीम मुस्लिम स्कूल जब 1914 मे परेड पर स्थापित हुआ तब हाफिज जी ने एकमुश्त रकम देकर उसकी जड़ जमा दी और दस बरस तक साढे चार सौ रुपया मासिक सहायता देते रहे। सन् 1922 मे जब स्कूल के लिए जमीन खरीदी गई तब भी हाफिज जी ने संस्था को एक लाख रुपये की सहायता दी जिससे हलीम इण्टर कालेज चल रहा है। हलीम साहब की दानशीलता के अनेक उदाहरण हैं:-

1- सन् 1917 मे एम ए ओ हाईस्कूल अमृतसर को 5 हज़ार रुपये, 2- सन् 1917 मे अंजुमन तरक्की तालीम मुसलमान अमृतसर को 5 हज़ार रुपये 3- सन् 1918 मे यतीमखाना अजमेर शरीफ को 4 हज़ार रुपया व मदरसा मज़हबी तालीम अजमेर को 3 हज़ार रुपये, 4- कानपुर की ईदगाह की चाहरदीवारी के लिए 5 हजार रुपये

5- रुड़की के पास कलियर शरीफ़ के उर्स पर चार पाँच मील लम्बी सड़क को 50 हज़ार रुपये से पक्की कराया, 6 – राई विरादरी के वार्षिक जलसो के लिए 15 हज़ार रुपये, 7- इस्लामिया स्कूल फ़तेहपुर, लखनऊ के उलेमाओ की सभा, मदरसा रहमानिया, यतीमखाना मौदाहा, अंजुमन हिमायत इस्लाम लाहौर, वी एन एस डी इण्टर कालेज कानपुर आदि संस्थाओ को हज़ारों रुपये का है।

कुछ समय तक स्वास्थ्य खराब रहने के कारण हाफिज हलीम साहब का 7 जनवरी 1939 को सुबह इन्तकाल हो गया। आपकी मृत्यु पर शहर भर के बाजार बंद हो गये और कचहरी, म्युनिसिपल बोर्ड, डिस्ट्रिक बोर्ड, इम्प्रुवमेन्ट ट्रस्ट सहित स्कूल, कॉलेज और मील भी बन्द रहे। आपके जनाज़े मे मुस्लिम, हिन्दू और अंग्रेज भी शामिल हुए, परेड पर जनाज़े की नमाज़ के बाद उनकी वसीयत के मुताबिक उनका जनाज़ा सरहिन्द मे ले जाकर दफनाया गया। हाफ़िज़ हलीम साहब के दो बेटे, एक हाजी मोहम्मद नज़ीर साहब व दूसरे एस एम वशीर साहब थे।

हवाला:- कानपुर के प्रसिद्ध पुरुष वर्ष – 1947

अराईं / राईं बिरादरी की तारीख़

रिसर्च: डॉ. शाहनवाज़ अहमद मलिक

हरमैन शरीफ़

उच्च शरीफ, मुल्तान

सिरसा जामा मस्जिद

पीलीभीत, जामा मस्जिद

मियांवाली मस्जिद, किच्छा

दरगाह ह0 मोहम्मद शेर मियाँ राईं, सुकटिया मियाँवाली

बरेली शरीफ, जगतपुरा मस्जिद

- क़ौमे राईं /अराईं का ताल्लुक़ दुनिया की एक पुरानी तहज़ीब वाला सूबा सिंध और उसके तारीखी और तहज़ीबी तौर पर अहमियत के हामिल शहर, "उच्च शरीफ" (मुल्तान) से है।
- उच्च शरीफ से तेहरवीं सदी के आखिर में बिरादरी ने पंजाब, सिरसा में चोया और घग्गर नदियों के किनारे अपनी तहज़ीब के मुताबिक बस्तियाँ क़ायम की और सैकड़ों गांव पर मुश्तमिल ज़मीन ज़राअत पर मुकम्मल पांच सौ सालों तक कण्ट्रोल (13वीं सदी से 18वीं सदी, 1783 तक) रहा।
- ब्रिटिश हवालों में है कि भटनेर (हनुमानगढ़, राजस्थान) से लेकर फ़तेहाबाद में टोहाना तक की पूरी घग्गर घाटी पर राईं बिरादरी का कण्ट्रोल था।
- सिरसा में 1780 के तारीख़ी **चालीसा अकाल** (Chalisa Famine) (सूखे) के वक़्त और राजपूत बिरादरियों के आपस में तशद्दुद से इलाके के हालात और ज़्यादा ख़राब हो गए।
- **1783 में गँगा, जमुना को पार** कर के मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर, नैनीताल, बरेली, पीलीभीत के इलाक़ों में आबाद हुए। यह दूरी सिरसा से 350 (बिजनौर) से 580 (पीलीभीत) किलोमीटर तक है। पहली नक़ल मकानी (माइग्रेशन) में राई सिरसा के तीस गांवों से रोहिलखण्ड और कुमायूं आये थे! 19 सदी के शुरूआती दिहाई तक जारी रहने वाले दूसरे माइग्रेशन में लोग जालंधर के नकोदर तहसील से आये !
- **19वीं सदी में अराईं** नैनीताल के तराई के इलाके में सबसे शुरूआती आबाद होने वाले **आबादकार** (colonizer) **थे** जहाँ उन्होंने जंगलों को साफ़ किया और अपने गाँवों की तामीर की।
- मुंडीया नबी बख्श, डांग, धुंधरी और करघेना में बड़े-बड़े मदारिस क़ायम किये गए। **मुंडीया नबी बख्श के मदरसे** को यह शर्फ़ हासिल है कि **अल्लामा फ़ज़्ले हक़ खैराबादी** (1796 -19 अगस्त 1861), 1857 की पहली जंगे आज़ादी के सबसे अज़ीम क़ाइद (लीडर), वहां **उस्ताद की हैसियत से दर्स तदरीस** की खिदमात अंजाम दी।
- **मदरसा मंज़ूरूल उलूम, धुंधरी, पीलीभीत, 1880** में नवाब शेख़ मंज़ूर अहमद वल्द ज़हूर अहमद ने क़ायम किया था, हाजी मुहम्मद विसालुद्दीन इस मदरसे के ख़ास रुक्न में से थे। मुंशी ख़लील उर रहमान (पंडरी, पीलीभीत) अरबी, उर्दू, फ़ारसी ज़ुबानों पर महारत रखने वाले एक बड़े आलिमे आलिमेदीन, इस मदरसे में उस्ताद थे।
- शाहिद जावेद बर्क़ी (1988) ने लिखा है कि अंग्रेज अराईं/ राईं बिरादरी को उनकी **"कड़ी मेहनत, किफ़ायत शआरी और नज़्मों ज़ब्त के अहसास** (hard work, frugality and sense of discipline) की वजह से सभी दूसरी बिरादरियों के मुक़ाबले सबसे अच्छा काश्तकार मानते थे !
- डेंज़िल एब्बटसन (1883) के मुताबिक पंजाब में राईं बिरादरी सक़ाफ़ती तौर पर **सिरसा वाल और मुल्तानी** अलग पहचान रखती थी!
- इसके अलावा भी एक तबके की पहचान थी जो **पुहाद वाले** या पुहादी कहलाते थे! जिसमे पंजाब, हरियाणा के कुछ ज़िले और मग़रिबी उत्तर प्रदेश के कैथल, बादशाहीबाग, बेहट, सहारनपुर, गंगोह, देवबंद को मिलाकर पुहाद (Puadh) का इलाक़ा कहलाता है! जिसमे सतलज की उत्तर दिशा और घग्गर नदी की पश्चिम दिशा के इलाके आते हैं ! आज़ादी के बाद बीसवीं के दरमियान में यह फ़र्क़ भी धीरे धीरे ख़त्म हो गया !
- उन्नीसवीं सदी के आखिर तक रोहिलखण्ड कुमायूं के राई बिरादर पंजाब से शादियां करते रहे थे!
- 1901 की मर्दम शुमारी के मुताबिक राईंयों की तादाद उत्तर प्रदेश में 14,698 थी। जिसमे से ज़्यादातर पीलीभीत (5000), नैनीताल (3000), बरेली (2000), सहारनपुर (1,258), मुजफ्फरनगर (528), रामपुर (459), मुरादाबाद (392), बिजनौर (214), देहरादून (90), मेरठ (44), और दीगर ज़िलों में 161 तादाद थी !
- 1918 में **अंजुमने-अराईं , रोहिलखंड कुमायूं** की पहली मीटिंग मुनक़्क़िद हुई !
- जहांबाद परगना में राई बिरादरी के पास लगभग 33 परसेंट ज़मींदारी थी जिसमे 65 गांव शामिल थे ! जहांबाद परगना में यह किसी भी क़ौम और बिरादरी में सबसे ज़्यादा हिस्सा था !
- अराईं /राई गांवों में **पंजाबी ज़ुबान** के काफी लफ्ज़ इस्तेमाल होते हैं जैसे बीरन, (प्यार से बच्चों को बुलाने के लिए), चिलक (चमक), सांढ़ू, चकड़ा (चौढ़ा), अगवाड़ा (घर के आगे का हिस्सा) पिछवाड़ा (घर के पिछला हिस्सा)! तराई के कई राईं गांव के नाम "पिंड" लफ्ज़ से बने हैं जिसका मतलब पंजाबी में गांव होता है जैसे पंडरी, पंडरी खमरिया वगैरह! सिरसा के नाम पर सिरसी गांव और सिसईं गांव, किच्छा यह सब राईं बिरादरी के गाँव हैं या पहले आबाद थे! इसके अलावा राईं बिरादरी के बहुत से कल्चरल मामलात में पंजाबी असर साफ़ दिखाई देता है !

क़दीम ज़माने से राईं बिरादरी की पहचान के बारे एक मशहूर शेर है- ये वो लोग जिनकी
नाक खड़ी होती है, खाने में कढ़ी होती है, पाकर चबूतरे पर और आँगन में बीह होती है ।

हवाला:
- William Crook, Horace Arthur Rose, Mr. Ibbetson (Glossary of Tribes and Caste of Punjab and North West Provinces)
- Ishaaq, M and Naseem, M. (2001), Arain
- The Arain Diaspora in the Rohilkhand region of India: A historical perspective: Mohammad Rehan Asad and Shams Jilani.

बाबा बुल्ले शाह का राईं बिरादरी के ताल्लुक़ से मशहूर कलाम

दरगाह हज़रत शाह इनायत क़ादरी शत्तारी (रहमतउल्लाह अलैहि)

दरगाह हज़रत सय्यद अब्दुल्लाह शाह (बाबा बुल्ले शाह), कसूर, पंजाब

सय्यैद अब्दुल्लाह शाह क़ादरी उर्फ़ बाबा बुल्ले शाह (रहमतउल्लाह अलैहि) (1680–1757, पैदाइश उच्च शरीफ, मुल्तान), हज़रत शाह इनायत क़ादरी शत्तारी (रहमतउल्लाह अलैहि), (1643–1728, लाहौर) के मुरीद थे। बाबा बुल्ले शाह सय्यैद थे जबकि पीर इनायत शाह क़ादरी राईं क़बीले से थे। किसी सय्यैद का पीर, गैर सय्यैद होने की बिना पर उनके रिश्तेदारों को इस बात का ऐतराज़ था। उसी ऐतराज़ का जवाब बाबा बुल्ले शाह (रहमतउल्लाह अलैहि) देते हुए फरमाते हैं

बुल्ले को समझाने बहनें और भाभियाँ आईं। (उन्होंने कहा) 'हमारा कहना मान बुल्ले, राईओं का साथ छोड़ दे। तुम नबी के खानदान और अली की नस्ल में से हो इनके साथ क्यों रहते हो?'
(बुल्ले ने जवाब दिया) 'जो मुझे सैय्यद बुलाएगा उसे दोज़ख़ (नरक) में सज़ा मिलेगी! जो मुझे राईं कहेगा उसे बहिश्त (स्वर्ग) के सुहावने झूले मिलेंगे।
राईं और सैय्यद इधर-उधर पैदा होते रहते हैं, अल्लाह को ज़ात की परवाह नहीं वह ख़ूबसूरतों को परे धकेलता है और बदसूरतों को गले लगता है।
अगर तू बाग़-बहार (जन्नत) चाहता है, राईंओं का नौकर बन जा बुल्ले की ज़ात क्या पूछता है? अल्लाह की बनाई दुनिया के लिए शुक्र मना।

बुल्ले नूँ समझावन आँईयाँ भैनाँ ते भरजाईयाँ
'मन्न लै बुल्लेया साड्डा कैहना, छड्ड दे पल्ला राईयाँ
आल नबी, औलाद अली, नूँ तू क्यूँ लीकाँ लाईयाँ?'
'जेहड़ा सानू सईय्यद सद्दे, दोज़ख़ मिले सज़ाईयाँ
जो कोई सानू राईं आखे, बहिश्तें पींगाँ पाईयाँ
राईं-साईं सभनीं थाईं रब दियाँ बे-परवाईयाँ
सोहनियाँ परे हटाईयाँ ते कूझियाँ ले गल्ल लाईयाँ
जे तू लोड़ें बाग़-बहाराँ चाकर हो जा राईयाँ
बुल्ले शाह दी ज़ात की पुछनी? शुकर हो रज़ाईयाँ'

RESEARCH: ARAIN PARENTS PREFER BOYS OVER GIRLS IN HIGHER EDUCATION

Interaction with Ms. Gulnaaz Bee Research Scholar at AMU, Aligarh about her ongoing research about the educational status of Arain females in comparison to males.

Ms. Shiza Peerzada

Ms. Gulnaz Bee is research scholar at the Sociology Department of Aligarh Muslim University, Aligarh. The topic of her Ph.D is, **'An Assessment of Gender Inequality in Pursuing Higher Education in Private Institutions: A Study of Rayeen Community of Bareilly District, Uttar Pradesh.'** Ms. Shiza Peerzada had a telephonic conversation with Ms. Gulnaz Bee.

She is doing her research under the supervision of 'Dr. Abdul Waheed', who is chairman of Sociology Department. The area of research is Baheri Tehseel in Bareilly District, Uttar Pradesh.

She told, '***The Arain***' that in our community Arain/Rayeen, normally the boys and girls have the same path to travel, till secondary education, but the difference arise in the higher education, where boys are given priority over girls.

Talking about her findings, she discussed the attitude of parents towards educating their daughters. Girls after graduation are pressurized to get married or are admitted to non-professional courses, whereas boys on the other hand are admitted in the professional courses. Even the most deserving girls are rarely allowed to pursue higher education. On being asked the reason behind conducting this study, She said that in our tribe educational status of the younger generation is good but when it comes to enrollment in higher educational institutions the enrollment ratio comes down.

The parents want to send their boys to good quality private and govt educational institutions whereas the same decisions are not taken in case of their daughters. Ms. Gulnaz Bee suggested that parents should support their daughters in the same way as they do for their sons.

She says that this discrimination should stop and girls should be given adequate time and permission to accomplish their dreams and to achieve their career goals

www.adorableclinic.com,
Best Hair and Skin Clinic in Delhi

मोहम्मद असलम
पूर्व आयुक्त वाणिज्यिक कर, मुरादाबाद/ ईगराह/ रुद्रपुर

स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन क्लासेज़ रीजनिंग और मैथ्स कम्पटीशन

जनाब मोहम्मद असलम की क़यादत में में 5वीं से 8वीं तक के स्टूडेंट्स और 9वीं से 12वीं तक के सीनियर ग्रुप के स्टूडेंट्स में जनरल नॉलेज, गणित, रीज़निंग वगैरह के सवाल हल करने के लिए व्हाट्सऐप ग्रुप्स बनाये गए हैं।
स्टूडेंट्स को रोज़ाना एक सवाल और दिमाग की एकसरसाइज़ के लिए एक रहनुमाई मैसेज मिलता है। वे उसी दिन अपने टीचर मोहम्मद असलम को जवाब देते हैं, जो रोजाना रात 9:00 बजे तक सभी जवाबात के मार्क्स और रैंकिंग तैयार करते हैं। पिछले साल भी यह कम्पटीशन छ: महीने तक चला था और इस साल भी यह एकसरसाइज़ मार्च 2022 तक जारी रहेगी और दोनों केटेगरी के टॉप तीन जीतने वाले स्टूडेंट्स को नक़द इनाम से इज़्ज़त अफ़ज़ाई की जाएगी। मोहम्मद असलम यूपी कैडर से एडिशनल कमिश्नर कमर्शियल टैक्स के ओहदे से रिटायर्ड हैं। । वह अनगिनत स्टूडेंट्स और वालेदैन के उस्ताद हैं।

भाग मिल्खा भाग 2020-21 कम्पटीशन के कामयाब स्टूडेंट्स

प्रथम पुरस्कार, अब्बास मलिक
पुत्र अख़लाक़ मलिक (अधिवक्ता) रुद्रपुर

सीनियर ग्रुप 11-12

द्वतीय पुरस्कार, अताउर्रहमान पुत्र मोहम्मद जावेद उदयपुर

तृतीया पुरस्कार, मोहम्मद शागिल मलिक पुत्र
मोहम्मद सादिक़ रुद्रपुर

जूनियर ग्रुप 9-10

प्रथम, फ़ोज़ुल इज़हार हसन
पुत्र इज़हार अहमद ग्राम कैमूर

द्वितीय कुमारी मुंतहा पुत्री
शफी अहमद ग्राम कठगरी

तृतीया अक्सा मलिक पुत्री
तनवीर अहमद बिलासपुर

चतुर्थ अफूफा अहमद पुत्री
खतीब अहमद बंडिया, किच्छा

पंचम मुहम्मद मारूफ पुत्र
मोहम्मद आरफीन उदयपुर

यूपीएससी/एनईईटी मेडिकल/जेईई इंजीनियरिंग एग्जाम में कामयाब स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन ऐजाज़ का एहतेमाम

रिपोर्ट : मुहम्मद दानिश मलिक, 7 नवंबर 2021

आराई अकादमी ने 'यूपीएससी/एनईईटी मेडिकल/जेईई इंजीनियरिंग इग्ज़ाम में कामयाब स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन ऐजाज़ का एहतेमाम किया।

कुल 11 छात्र, जिनमें 8 एनईईटी, 2 आई.आई.टी./जे.ई.ई. और एक उम्मीदवार भारतीय वन सेवा (आई.एफ.एस.) के सम्मान के लिए ऑनलाइन फेलीसिटेशन का आयोजन किया गया। नीट क्वालिफाई करने वाले उम्मीदवारों को देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित कॉलेजों में एमबीबीएस की सीटें मिलेंगी जबकि आई.आई.टी./जे.ई.ई. के उम्मीदवारों को आईआईटी में सीटें मिलेंगी। आई.एफ.एस. उम्मीदवार श्री शाहबाज़-उल-रहमान ने यू.पी.एस.सी. द्वारा आयोजित भारतीय वन सेवा परीक्षा में अच्छी रैंक प्राप्त की है। वह वन अधिकारी बनेंगे।

अकादमी को **यूनिटी अस्पताल बहेड़ी और डॉक्टर ज़रताब मलिक ने इंस्टाग्राम ग्रुप NEET_2021_ DOCTORS** की मदद से सभी छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कुल 39100/- रुपये का नक़द पुरस्कार वितरित किये।

छात्र केवल इस परिणाम पर खुद को न रोकें। अब उन्हें स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद यू.पी.एस.सी. जैसी बड़ी परीक्षा देनी चाहिए।
विशिष्ट अतिथि श्री शाहनवाज़-उल-रहमान, आई.आर.एस. अधिकारी और बेंगलुरू में अतिरिक्त आयुक्त आयकर

मुख्य अतिथि श्री मलिक मज़हर सुल्तान, ज़िला न्यायाधीश अल्मोड़ा ने उम्मीद ज़ाहिर करते हुए कहा कीं स्टूडेंट्स की कामयाबी को देखकर सभी पढ़ने वाले बच्चों को नया हौसला मिलेगा। अगर आप सही राह पर मेहनत करते हैं तो आपको कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें छात्र माता-पिता और उत्तर प्रदेश के रोहिलखंड क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों, दिल्ली और उत्तराखंड के लोग शामिल थे। श्री कलीम रज़वी बरेली ने किरात के पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की, जबकि श्री हसन रज़ा ने हम्द-ओ-नात पेश की।

श्री मो. नसीम, विधि विशेषज्ञ और पूर्व कानूनी परामर्शदाता, ओएनजीसी देहरादून ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने क़ौम के इतने स्टूडेंट्स का चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की और छात्रों के लिए हर तरह की मदद की पेशकश की।

डॉ. फिरोज अहमद, यूनिटी हॉस्पिटल बहेड़ी ने छात्रों को इस दुनिया में प्रतिस्पर्धा करने के लिए नई तकनीकों और कौशल को अपनाने की सलाह दी। डॉ. जरताब अहमद, एमबीबीएस ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

श्री मोहम्मद आज़म, फेलो, दिल्ली विधान सभा, ने अपनी सुन्दर प्रस्तुति से विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

श्री शाहबाज़ उल -रहमान, सिरौली, किच्छा , आईएफएस (2021) उत्तीर्ण, ने अपनी यात्रा के बारे में अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया वह NDA का इम्तिहान भी कामयाबी से क्वालीफाई कर चुके हैं। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अकैडमी को धन्यवाद दिया।

इसके अलावा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा पास सभी छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों ने भी अपने अनुभव साझा किए-

- **मोहम्मद अमान मलिक**, (652 अंक, नीट-2021)
- **मो. तौहीद रज़ा**, (614 अंक, नीट-2021)
- **मोहम्मद शोएब मलिक**, (598 अंक, नीट-2021)
- **सिदरा मलिक**, (581 अंक, नीट-2021)
- **शुमैल मलिक**, (578 अंक, नीट-2021)
- **मलिक मो. फ़ैसल**, (575 अंक, नीट-2021)
- **मुहम्मद आज़म मलिक**, (565 अंक, नीट-2021)
- **ताज़ीम मलिक**, (554 अंक , नीट 2021)
- **अलीज़ा मलिक**, (AIR-5742, IIT/JEE-2021)
- **शुमैल मलिक**, (IT/JEE 2021)

Shabaz Ur Rehman s/o Late. Hafizul Rehman, Sirauli, Kichha, Uttarakhand
Qualified IFS (UPSC)

Mohd. Amaan Malik s/o Mohd Nayeem Rudrapur, Uttarakhand
NEET, Marks 652 Rank 3654

Mohd Tauheed Raza s/o Mohd Shahid Sirauli, Kichha, Uttarakhand
NEET, Marks 614 Rank 13203

Mohammad Shoeb Malik s/o Moin Malik Nayagaon, Uttarakhand
NEET, Marks 598 Rank 19626

Sidra Malik D/o Dr. Afaq Malik Sirauli, Kichha, Uttarakhand
NEET, Marks 581 Rank 27773

Shumail Malik s/o Hafiz Akhlaq Ahmad Kichha , Uttarakhand
NEET, Marks 578 Rank 29276

Malik Mohd Faisal s/o Malik Mohd. Ather Kichha, Uttarakhand
NEET, Marks 575 Rank 30972

Muhammad Azam Malik s/o Khalil Ahmad Sirauli, Kichha , Uttarakhand
NEET, Marks 565 Rank 36961

डॉ. मोहम्मद असद मलिक, प्रोफेसर, कानून विभाग, जामिया, नई दिल्ली ने मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने उन्हें समुदाय से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया और मशवरा दिए की सबको दूसरों की मदद के लिए तैयार रहना चाहिए। श्री मोहम्मद असलम, पीडीएस, अधिकारी, झकझोर फार्म, किच्छा ने डॉ. एहराज मलिक का उदाहरण दिया जिन्होंने सीमित संसाधनों के साथ एमबीबीएस डॉक्टर बनने के लिए कड़ी मेहनत की। डॉ. एहराज़ ने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। श्री युसूफ़ मलिक, संस्थापक, हरियाली एनजीओ, नई दिल्ली ने ज़ोर दिया कि अधिक से अधिक छात्रों को प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए और अकादमी को किच्छा क्षेत्र पर अनुसंधान करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि अन्य क्षेत्रों को विभिन्न कारकों को समझने में मदद मिल सके जिससे इन छात्रों को सफलता मिली।

Tazeem Malik s/o Mohd Zakir Sirauli, Kichha, Uttarakhand
NEET, Marks 554 Rank 46094

Aliza Malik D/o Akeel Ahmad Pandari Khamaria, Pilibhit, UP
IIT/JEE Advanced

Shumail Malik s/o Shoaib Malik Atariya, Bareilly, UP
IIT JEE Advanced

श्री इमरान अहमद, इंजीनियर, बरी फार्म, किच्छा ने छात्रों को बधाई दी और कहा कि जिन छात्रों को सफलता नहीं मिली है, वे निराश न हों, आगे और मेहनत करें, मेहनत कभी ज़ाया नहीं जाती।

डॉ. रेहान असद, असिस्टेंट प्रोफेसर, कॉलेज ऑफ मेडिसिन, मजमा यूनिवर्सिटी, सऊदी अरब ने अकैडमी के प्रयासों की सराहना की और उम्मीद की कि इस तरह के और भी प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

पत्रकार श्री अहमद सलमान ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

ताबिश मलिक, मोनिस मलिक, डॉ शहज़ाद और यूनुस मलिक ने कार्यक्रम करवाने में सहयोग किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ शाहनवाज़ अहमद मलिक ने किया।

नीट में अच्छे मार्क्स से कामयाब अमान मलिक से एक मुलाक़ात

अमान मलिक, अपनी वालिदा मोहतरमा सायरा बानो और वालिद जनाब मुहम्मद नईम के साथ

रिपोर्ट: अराईं अकैडमी डेस्क

The Arain: अमान मलिक अपने बारे में कुछ बताइये?

अमान: मै आपका तहे दिल से शुक्रगुजार हूँ की आपने मुझे इस क़ाबिल समझा और मेरे बारे में जानना चाहा. मेरा नाम मुहम्मद अमान मलिक है, मेरे वालिद का नाम मुहम्मद नईम है। मै पोस्ट ऑफिस कॉलोनी रुद्रपुर का रहने वाला हूँ, मैंने अपनी तालीम अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से की है। मैंने हाल ही में नीट का इम्तिहान पास किया है।

The Arain: आपने मेडिकल फील्ड में करियर बनाने की कैसे सोची?

अमान: मेरे वालिदैन की खवाहिश थी की उनका कोई अपना मेडिकल फ़ील्ड में जाए बस इसी ख्वाब को पूरा करने के लिए मैंने उनकी दुआ से मेहनत कि और अल्लाह ने कामयाबी अता फ़रमाई।

The Arain: मेडिकल के लिए कैसे तैयारी की?

अमान: मैंने हमेशा प्लानिंग करने और उस प्लान को लागू करने में भरोसा किया है और उसमे मैं बहका भी हूँ और संभला भी हूँ। इसलिए कम वक़्त में ज़्यादा तजुर्बा हुआ है।

The Arain: पढ़ाई के अलावा और क्या पसंद है?

अमान: पढ़ाई के अलावा मुझे अपने खयालो को कागज़ पर उतारना पसंद है और ज़्यादातर वही करता हूँ।

The Arain: आगे सिविल सर्विसेज़ में जाने का कोई इरादा है ?

अमान: किस शख़्स को सिविल सर्विसेस का रुतबा और पावर पसंद नहीं होगा लेकिन अभी फिलहाल मै इसी में खुश हु और इंशाल्लाह मेडिकल फ़ील्ड में ही बेहतर करने की कोशिश करूँगा वक़्त के साथ सिविल सर्विसेज के बारे में भी सोचूंगा।

The Arain: स्टूडेंट्स से क्या कहना चाहेंगे?

अमान: मैं स्टूडेंट्स से यही कहना चाहूँगा की अगर ज़िदगी में कोई वक़्त ऐसा आये कि आप अपने आप को बहुत अकेला महसूस करें आपकी क्रिएटिविटी ही आपकी सबसे अच्छी दोस्त होगी इस बात को दुनिया माने या न माने। आप अपने अंदर झांके अपने आप को पहचाने कि आप किस चीज़ में माहिर बन सकते हैं। कभी भी अपने आप को किसी से ना मुक़ाबला करें आप निराश ही होंगे।

The Arain: अराई अकादमी के बारे कुछ कहना चाहेंगे?

अमान: अकडेमी हमारी कौम के लिए एक बेहतरीन ज़रिया है जिससे हम यहाँ कुछ नया सीख सकते है, अपनी क़ाबिलियत को ज़ाहिर करने का एक प्लेटफार्म है, यहाँ हम एक जुट हो सकते हैं और अपनी क़ौम लिए कुछ बेहतर कर सकते हैं।

अमान के वालिदैन :

हमारी अकादमी के ज़रिया सभी वालिदैन से यही अपील हैं की आप अपनी औलाद को एक ऐसा माहौल मुहैया कराइये जिससे उसको इल्म हासिल करने में कोई दिक्कत न आये और आप हमेशा उसकी हौसला अफ़ज़ाई करते रहे की जो आप चाहो तो आप कर सकते हो बस खुद पर और अल्लाह पर भरोसा रखो। इंशाल्लाह फिर सब बेहतर होगा।

Do you aim to study Abroad?

We'll be pleased to assist you !!!

danfar
OVERSEAS SERVICES PVT. LTD

INDIA'S LEADING OVERSEAS EDUCATION CONSULTANCY

Danfar Overseas Services Pvt. Ltd. is the one stop solution for all your International Education and Immigration needs.

Our core activity lies in assisting students to make the right choice about pursuing education in overseas educational institutions. Danfar Overseas provides information regarding higher education in various countries such as the UK, USA, Canada, Australia, New Zealand, Singapore, Ireland, Switzerland, France, Malaysia, UAE etc. and has a command over the education system worldwide.

We offer a wide range of services

- **IELTS Coaching**
- **Immigration Consultation**
- **Admission Guidance**

Excellent network with 800+ global Universities

We are here to assist you, please contact for more information

+91 9716199998
+91 7550777777

info@danfaroverseas.com

www.danfaroverseas.com

Ext 16 Akash Puram Bareilly, UP

टैलेंट हंट कंपीटीशन में कामयाब स्टूडेंट्स की इज़्ज़त अफ़ज़ाई

स्पीच / नात-किर'आत / क्विज़ कम्पटीशन के सीनियर और जूनियर ग्रुप में 24 स्टूडेंट्स को 33 हज़ार रुपये का नक़द इनाम और सर्टिफिकेट

28 नवंबर 2021 | अहमद सलमान की रिपोर्ट

Competition Highlights

AFTER GRAND SUCCESS IN 2020, SECOND CONTINUOUS COMPETITION OPEN FOR ALL

THREE EVENTS FROM CLASS 5 TO 8 AND 9 TO GRADUATION

STDUENTS PARTICIPATED IN SPEECH, QUIZ AND NAAT

130 PARTICIPANTS OF VARIOUS AGE GROUPS AND FROM FIVE STATES

CASH AWARDS OF 33 THOUSAND WERE DISTRIBUTED TO WINNERS AND CERTIFICATES TO ALL

